आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 04.11.2024 समय : 1905

- कच्छाल, इंटरव्यू और तेरेसा द्वीप के लिए अंडमान निकोबार प्रशासन को समन्वित द्वीप प्रबंधन योजना के मसौदे के लिए हितधारकों से सुझाव व टिप्पणियां आमंत्रित की गई है।
- प्रदेश कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष रंगलाल हलदार ने कृषि निदेशक से द्वीपसमूह के किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड पुनः जारी करने का अनुरोध किया है।
- अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण सोसाइटी आवश्यक सेवाओं के लिए मोबाइल चलंत निदर्शन वैन और मोबाइल वैन की शुरूआत कर रही है।
- सिखों के पहले गुरू गुरू नानक देव जी की जयंती के सिलसिले में श्री विजयपुरम में गुरूद्वारा डॉ. दीवान सिंह की ओर से कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।
- चेन्नई की भर्ती कार्यालय मुख्यालय की ओर से द्वीपों में सेना में भर्ती के लिए रैली का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

कच्छाल, इंटरव्यू और तेरेसा द्वीप के लिए अंडमान निकोबार प्रशासन ने समन्वित द्वीप प्रबंधन योजना तैयार करने का जिम्मा चेन्नई को सौंपा है। चेन्नई की राष्ट्रीय वहनीय तटीय प्रबंधन केन्द्र के लिए तैयार इस योजना का मसौदा तटीय प्रबंधन की ओर से जमा किया गया है और अब हितधारकों से सुझाव व टिप्पणियां आमंत्रित की गई है। यह मैप अंडमान निकोबार प्रशासन की वेबसाइट के अलावा पर्यावरण और वन विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। मसौदा की सॉफ्ट कॉपी कई कार्यालयों की वेबसाइटों पर भी उपलब्ध कराया गया है। सुझाव और टिप्पणियां तीस दिनों के भीतर वन सदन स्थित ए पी सी सी एफ के कार्यालय में सीधे या मेल के जरिए भेजे जा सकते हैं।

<><><><><><><>

प्रदेश कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष रंगलाल हलदार ने कृषि निदेशक से द्वीपसमूह के किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड पुनः जारी करने का अनुरोध किया है। अपने पत्र में उन्होंने मृदा स्वास्थ्य कार्ड की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इसकी सहायता से किसानों को मृदा की गुणवत्ता और पोषक तत्वों की संरचना के बारे में जानकारी मिलती है। श्री हलदार ने कहा कि पिछले कुछ सालों से कार्ड जारी नहीं किया गया है, जिससे

किसानों को मृदा स्वास्थ्य पर आवश्यक जानकारी नही मिल पा रही है। इसके अलावा श्री हलदार ने कृषि निदेशक से इस प्रक्रिया को फिर से शुरू करने का अनुरोध किया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण सोसाइटी आवश्यक सेवाओं के लिए मोबाइल चलंत निदर्शन वैन और मोबाइल वैन की शुरूआत कर रही है। इस सिलसिले में कल सुबह साढ़े नौ बजे स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ. सूजा एन्थोनी राष्ट्रीय स्मारक सेल्यूलर जेल से इस मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगी। यह सेवा मध्योत्तर अंडमान और दक्षिण अंडमान ज़िले के लोगों के लिए उपलब्ध रहेगी। लोगों को एच आई वी, एस टी आई और एड्स के बारे में जानकारी देने के लिए मध्योत्तर अंडमान में तेरह दिनों तक और दक्षिण अंडमान ज़िले में सत्ताईस दिनों तक चलन्त निदर्शन वैन के माध्यम से जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भी लोगों को एच आई वी के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस सेवा के अंतर्गत घर–घर जाकर लोगों की एच आई वी जांच के अलावा परामर्श सेवा भी दी जाएगी।

<><><><><><><>

भारत निर्वाचन आयोग की ओर से वर्ष दो हजार चौबीस के दौरान मतदाता शिक्षा और जागरूकता पर सर्वश्रेष्ठ अभियान के लिए मीडिया पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है। इसके तहत चार श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किया जाएगा, जिनमें प्रिंट मीडिया, टेलीविज़न, रेडियो और ऑनलाइन सोशल मीडिया शामिल हैं। यह पुरस्कार चुनावों के बारे में जागरूकता पैदा करने, चुनावी प्रक्रिया से लोगों को शिक्षित करने, चुनाव संबंधी आई टी अप्लीकेशन, दूरस्थ मतदान केन्द्रों पर कहानियों के माध्यम से लोगों में मतदान के महत्व और पंजीकरण के लिए जागरूकता उत्पन्न करने वाले मीडिया हाउस को उनके योगदान के लिए दिया जाएगा। प्रिंट मीडिया अपना आवेदन अपने कार्यों का सारांश, पीडीएफ सॉफ्ट कॉपी या पूर्ण आकार के समाचार पत्रों की प्रति या लेख और आम जनता के साथ किए गए बातचीत के साथ जमा कर सकते हैं। टेलीविज़न और रेडियो अपनी प्रविष्टियां सीडी, डीवीडी या पेन ड्राइव में प्रसारण अवधि के साथ, समाचारों या अन्य कार्यक्रमों के कुल समय के साथ जमा कर सकते हैं। ऑनलाइन सोशल मीडिया अपने कार्यों के सारांश, पोस्ट, ब्लॉग, अभियान, ट्वीट या लेख के रूप में भेज सकते हैं। यह सभी कार्य दो हजार चौबीस के दौरान प्रकाशित या प्रसारित किया गया होना चाहिए। प्रविष्टियों की जांच चयनित जूरी द्वारा किया जाएगा। आवेदन दस दिसम्बर से पहले निर्वाचन आयोग के अवर सचिव के पते पर सीधे या मेल पर भेजे जा सकते हैं। अगले वर्ष पच्चीस जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

<><><><><><><>

सिखों के पहले गुरू गुरू नानक देव जी की जयंती के सिलसिले में श्री विजयपुरम में गुरूद्वारा डॉ. दीवान सिंह की ओर से कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सात नवम्बर को तड़के तीन बजकर पैंतालीस मिनट पर प्रभात फेरी निकाली जाएगी। बारह नवम्बर को दिन में ढाई बजे नगर कीर्तन का आयोजन होगा। तेरह नवम्बर को सुबह छः बजे निशान साहिब सेवा और आठ बजे अखंड पाठ की शुरूआत होगी। चौदह नवम्बर तक अखंड पाठ जारी रहेगा। भोग अखंड पाठ पन्द्रह नवम्बर को सुबह साढ़े आठ बजे आरंभ होगा। साढ़े आठ बजे से दिन में ढाई बजे तक असा–दि–वार, दीवान और कीर्तन के कार्यक्रम होंगे और दिन में बारह बजे से गुरू का लंगर होगा।

<><><><><><><>

चेन्नई की भर्ती कार्यालय मुख्यालय की ओर से द्वीपों में सेना में भर्ती के लिए रैली का आयोजन किया जाएगा। नेताजी स्टेडियम श्री विजयपुरम में इस महीने की छब्बीस से तीस तारीख तक रैली का आयोजन होगा। भर्ती में शामिल होने वाले उम्मीदवारों के लिए प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजों की सूची www.jointindianarmy.nic.in पर उपलब्ध है। फॉर्मेट भी उपलब्ध कराया गया है। आधे–अधूरे दस्तावेजों के साथ रैली में आने वाले उम्मीदवारों को भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

<><><><><><><>

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान डॉलीगंज और एल एंड टी कंस्ट्रक्शन स्कील्स ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट कांचीपुरम की ओर से रोज़गार मेला का आयोजन किया जाएगा। आई टी आई डॉलीगंज में छः और सात नवम्बर को प्रशिक्षण सह प्लेसमेंट अभियान आयोजित की जाएगी। आई टी आई प्रमाणपत्र धारक उम्मीदवार और दसवीं या बारहवीं पास पुरूष उम्मीदवार इसके लिए पात्र होंगे। उम्मीदवार की आयु अट्ठारह से चौंतीस वर्ष होनी चाहिए। यह निशुल्क प्रशिक्षण कांचीपुरम के प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित की जाएगी। विभिन्न ट्रेडों में निर्धारित समय अवधि के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। उम्मीदवारों को सुबह साढ़े नौ बजे तक संस्थान में उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>

समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत मिशन शक्ति के वन स्टॉप केन्द्र में कार्यालय सहायक के एक और सुरक्षा गार्ड के दो पदों पर अनुबंध के आधार पर नियुक्ति की जाएगी। कार्यालय सहायक के लिए पन्द्रह हजार रूपये की एकमुश्त राशि दी जाएगी, जबकि सुरक्षा गार्ड के लिए दस हजार रूपये की एकमुश्त राशि प्रदान की जाएगी। उम्मीदवार पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन फार्म उनतीस नवम्बर शाम पांच बजे तक गोलघर स्थित समाज कल्याण निदेशालय में जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

कंद कृषि प्रणाली पर जानकारी देने के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र नींबूडेरा की ओर से पिछले दिनों मध्योत्तर अंडमान के किसानों के लिए स्वदेशनगर में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए स्वदेशनगर ग्राम पंचायत के प्रधान देबब्रत दास ने किसानों विशेषतौर महिला कृषकों को सशक्त करने के लिए कृषि विभागों से समन्वय स्थापित कर स्वयं सहायता समूह के माध्यम से कंद फसलों के जरिए महिलाओं को फुड पैकेजिंग, प्रोसेसिंग और मार्केटिंग पर जानकारी दी गई। इस अवसर पर किसानों को कंद की फसलों के बारे में विस्तार से बताया गया। फसलों को रोपने और पैदावार से होने वाली आमदनी के बारे में भी जानकारी दी गई। मौसम और जलवायु के अनुसार क्षेत्र में फसलों की खेती को बढ़ावा देने पर चर्चा की गई। तकनीकी सत्र के दौरान वरिष्ठ वैज्ञानिक और प्रभारी डॉ. वी. दामोदरन ने कंद फसलों की जैविक खेती के बारे में बताया। कृषि विज्ञान के विषय विशेषज्ञ राकेश दावर ने जैविक खेती प्रणालियों में कंद की उपज बढ़ाने के लिए उपयुक्त कृषि पद्धति पर किसानों को जानकारी दी। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी इस विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। इसमें तैंतीस किसानों ने हिस्सा लिया।

<><><><><><><>

द्वीपों के कुछ भागों में वर्षा हुई। मायाबंदर में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक सोलह दशमलव दो मिलीमीटर, श्री विजयपुरम में ग्यारह दशमलव चार और ननकौड़ी में दो दशमलव चार मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। अगले दो दिनों के मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों के एक या दो स्थानों पर भार वर्षा होने की संभावना है।

<><><><><><><>